असम से पहुंचा 50 लोगों का दल जानेंगे छत्तीसगढ़ की संस्कृति

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आईआईएम में एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम फेज-5 का आयोजन किया गया है। इसमें शामिल होने असम विश्वविद्यालय, सिलचर के 50 स्टूडेंट्स और कोऑर्डिनेटर रायपुर पहुंचे हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 30 दिसंबर तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) संजीव कुमार रहे। उन्होंने कहा- भारत की ताकत उसकी विविधता है। सभी अधिक से अधिक यात्रा करें, क्योंकि यह न केवल आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाएगा बल्कि हमारे देश की एकता को भी मजबूत करेगा।

निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने कहा, छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में अनुभव करने के लिए बहुत कुछ है। कार्यक्रम के तहत कार्यशालाएं, छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों की प्रस्तुति भी होगी। यात्रा के दौरान टीम सिरपुर पुरातात्विक स्थल, बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य जैसी ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर स्थलों का दौरा करेंगे।

Dainik Bhaskar 27.12.2024 Page No.04 (City Bhaskar)